आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.11.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भारत मंडपम् में भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट का उद्घाटन करेंगे।
2. डिजी यात्रा ने देश के सात हवाई अड्डों पर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए परीक्षण शुरू कर दिया है।
3. खाद्य सुरक्षा विभाग ने आगामी त्योहारी सीजन के दौरान मिठाइयाँ और अन्य खाद्य पदार्थ खरीदते समय सतर्क रहने की अपील की है।
4. राज्य परिवहन निदेशालय की ओर से मोटर वाहनों के लिए नई अग्रिम श्रृंखला आज से जारी की गई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम् में चार दिवसीय भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट और एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से आयोजित इस सम्मेलन का विषय है– 'निवेश, नवाचार और प्रेरणा'। सम्मेलन में 130 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। इस सम्मेलन में नीति निर्माता, निवेशक, वित्तीय संस्थान और उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधि स्वच्छ ऊर्जा में निवेश, तकनीकी नवाचार और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी को बढ़ावा देने के मुद्दों पर विचार–विमर्श करेंगे। इस सम्मेलन में 13 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता, निवेश के अवसरों और विनिर्माण क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे। इस सम्मेलन के साथ अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की नौवीं सभा और चौथा अंतरराष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन

सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्ण सत्र, मंत्रिस्तरीय चर्चा, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की गोलमेज बैठक और विभिन्न राज्यों के सत्र भी होंगे। इसके साथ आयोजित प्रदर्शनी में 400 से अधिक प्रदर्शक सौर और पवन ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, ऊर्जा भंडारण तथा अन्य उभरते क्षेत्रों की आधुनिक तकनीकों, घरेलू विनिर्माण क्षमताओं और स्वच्छ ऊर्जा समाधानों का प्रदर्शन करेंगे।

<><><><><><><><>

डिजी यात्रा ने देश के सात हवाई अड्डों पर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए परीक्षण शुरू कर दिया है। इसे देश के विमानन क्षेत्र में डिजिटल तकनीक के इस्तेमाल की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। ये परीक्षण इस वर्ष दिसंबर तक चलेगा। इसके अंतर्गत ई–पासपोर्ट रखने वाले पात्र भारतीय नागरिक एयर इंडिया और इंडिगो की चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से यात्रा करते समय निर्धारित हवाई अड्डों पर डिजी यात्रा सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

<><><><><><><><>

द इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), अंडमान निकोबार राज्य केंद्र ने हाल ही में वित्तीय वर्ष 2025–2026 के लिए अपनी वार्षिक आम बैठक का आयोजन किया। इस अवसर पर विभाग के सचिव ने वित्तीय वर्ष 2025–2026 के दौरान राज्य केंद्र द्वारा आयोजित विभिन्न तकनीकी कार्यक्रमों, पेशेवर गतिविधियों, सेमिनारों, समारोहों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक डॉ. जगदीश मुक्ता के साथ संस्था के कॉर्पोरेट सदस्य उपस्थित थे। उन्होंने सदस्यों को उत्कृष्टता का पीछा करने, समर्पित रहने और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किय।

<><><><><><><><>

खेल एवं युवा मामला निदेशालय ने 'खेलो इंडिया' योजना के तहत द्वीपसमूह के विभिन्न खेलो इंडिया केंद्रों में अनुबंध के आधार पर खेल प्रशिक्षकों के रूप में नियुक्ति के लिए पूर्व विजेता एथलीटों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। चयनित प्रशिक्षकों को 25 हजार रूपये प्रति माह का मानदेय दिया जाएगा। पात्रता मानदंड और निर्धारित आवेदन पत्र खेल विभाग की आधिकारिक वेबसाइट तथा राज्य पोर्टल पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों की स्व–सत्यापित प्रतियों के साथ नेताजी खेल परिसर में 9 नवम्बर शाम पांच बजे तक जमा कर सकते है।

<><><><><><><><>

पुलिस थाना एबरडीन के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजय कुमार को प्रतिष्ठित केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक 2026 के लिए चुना गया है। गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर गत 31 अक्टूबर, को इन पुरस्कारों की घोषणा की। यह पदक भारत भर के कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच उच्च पेशेवर मानकों, समर्पण और असाधारण प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया जाता है।

<><><><><><><><>

खाद्य सुरक्षा विभाग ने आम जनता से आगामी त्योहारी सीजन के दौरान मिठाइयाँ और अन्य खाद्य पदार्थ खरीदते समय सतर्क रहने की अपील की है। उपभोक्ताओं को केवल लाइसेंस प्राप्त या पंजीकृत खाद्य कारोबार संचालकों से ही खाद्य पदार्थ खरीदने को कहा गया है। खरीदारी करने से पहले पूर्व–पैकेज्ड खाद्य उत्पादों पर लेबल, पैकिंग की तारीख, समाप्ति तिथि और अन्य अनिवार्य विवरणों की जांच करने की सलाह दी गई है। सभी मिठाई निर्माताओं और खाद्य विक्रेताओं को अच्छी गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग और स्वच्छता का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान खाद्य

सुरक्षा विभाग दुकानों, खाद्य प्रसंस्करण एवं वेंडिंग प्रतिष्ठानों पर विशेष निरीक्षण अभियान चलाएगा। आम जनता से अनुरोध किया जाता है कि वे सतर्क रहें और खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों के किसी भी उल्लंघन की सूचना खाद्य सुरक्षा विभाग को दे।

<><><><><><><>

राज्य परिवहन निदेशालय की ओर से मोटर वाहनों के लिए नई अग्रिम श्रृंखला "AN01-X" जारी की गई है। पंजीकरण संख्या आज से आरक्षण के लिए उपलब्ध करा दिए जाएंगे। अपनी पसंद का पंजीकरण नंबर आरक्षित करने के इच्छुक आवेदक ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।

<><><><><><><>

एबरडीन बाजार स्थित श्री वीर हनुमान मंदिर परिसर में कल मंदिर के ट्रस्टियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ट्रस्ट की प्रबंध समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें पी. कन्नन को अध्यक्ष, एम. विनोद को उपाध्यक्ष एवं पी. रामन को सचिव चुना गया है। बैठक में मंदिर के सुचारू संचालन, धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और श्रद्धालुओं की सुविधाओं में सुधार पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर दक्षिण अंडमान जिला पुलिस ने अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले सभी पुलिस थानों में एकता नगर (केवड़िया), गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम के सीधे प्रसारण का आयोजन किया। इसका उद्देश्य युवाओं के बीच देशभक्ति, आपसी सौहार्द और राष्ट्रीय गौरव की भावना जगाना था।

<><><><><><><><>

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कैंपबेल बे में हाल ही में आंचलिक स्तरीय विज्ञान, गणित, कला एवं शिल्प प्रदर्शनी – ''इनोविज़न 3.0'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि निकोबार प्रभाग के प्रभागीय वन अधिकरी रवि कांत ने छात्रों को वैज्ञानिक जिज्ञासा, रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अटल टिंकरिंग लैब का उद्घाटन और छात्रों द्वारा तैयार की गई विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन किया गया।

<><><><><><><><>

स्कूल ऑफ नर्सिंग ने अनिम्स में जी एन एम छात्रों के 22वें बैच का शपथ ग्रहण समारोह मनाया। इस अवसर पर उप निदेशक स्वास्थ्य, डॉ. अभिजीत रॉय, मुख्य अतिथि थे। उन्होंने छात्रों को हर बात और काम में मानवीय स्पर्श लाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान मैट्रन, जोहेना रियाज ने छात्रों को फ्लोरेंस नाइटिंगेल की शपथ दिलाई।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के तहत ''बड़ा खाना'' का आयोजन किया गया। इस दौरान ''एक भारत, श्रेष्ठ भारत पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर अपने संबोधन में पुलिस महानिदेशक ने राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व पर प्रकाश और सभी अधिकारियों व कर्मियों से एकता, अखंडता, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के आदर्शों को बनाए रखने का आह्वान किया।

<><><><><><><><>